कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 17.09.2025

विषय:- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले मे अभियुक्त लकी चौहान उर्फ विजय चौहान गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद धारदार हथियार व आला नकब बरामद।

दिनांक 16.09.2025 को श्री त्रिभुवननाथ उपाध्याय पुत्र स्व0 रामखेलावन उपाध्याय निवासी- वैष्णोपुरी कालोनी, अनौला थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा शांतिपुरम कालोनी छोटालालपुर स्थित अपने समधी शिवानन्द पाण्डेय के घर में व्यक्ति/अभियुक्त लकी चौहान उर्फ विजय चौहान पुत्र ओमप्रकाश चौहान निवासी- छोटालालपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी को चोरी करते हुए पकड़ कर मय एक अदद धारदार हथियार व आला नकब थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस को सुपुर्द किया गया, प्रार्थी/वादी मुकदमा श्री त्रिभुवननाथ उपाध्याय पुत्र स्व0 रामखेलावन उपाध्याय निवासी- वैष्णोपुरी कालोनी, अनौला थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी के द्वारा दी गई लिखित तहरीर के आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 243/2025 धारा- 305(a), 331(3) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए, अभियुक्त को दिनांक 16.09.2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी/बरामदगी के संबंध मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

लकी चौहान उर्फ विजय चौहान पुत्र ओमप्रकाश चौहान निवासी- छोटालालपुर थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 18 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

एक अदद धारदार हथियार (बांका), 02 अदद ताला तोड़ने का औजार, एक अदद हथौड़ा, 02 अदद टूटा हुआ ताला व एक अदद काला हिट की बोतल बरामद।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान –

थाना परिसर थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी से, दिनांक 16.09.2025 समय करीब 20.34 बजे।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 243/2025 धारा 305(a), 331(3) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1.प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 अनिल कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।